अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ चौकी बंद

अनूपगढ़। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। कुछ महीने पहले आरपीएफ चौकी बंद कर स्टाफ का स्थानांतरण कर दिया गया, जिसके बाद से चोरी और जेबकतरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। पिछले तीन महीने (नवंबर से जनवरी) में स्टेशन परिसर से 5 मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी हैं और कई यात्रियों की जेबें कट चुकी हैं।

रोजाना अनूपगढ़ से सूरतगढ़ की यात्रा करने वाले नरेश कुमार ने बताया कि पहले वे अपनी बाइक स्टेशन पर सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सुरक्षित पार्क कर सकते थे। लेकिन अब यात्रियों को छोड़ने या लेने आने वाले लोगों की बाइक कुछ ही मिनटों में चोरी हो जाती है।

रेल विकास समिति के संरक्षक गंगाविशन सेतिया के ने बताया कि अनूपगढ़ से खाजूवाला तक के यात्री यहां से यात्रा करते हैं। पहले आरपीएफ जवान टिकट काउंटर पर लाइनों को व्यवस्थित करने में मदद करते थे, जिससे जेबकतरी की घटनाएं नहीं होती थीं। लेकिन अब असामाजिक तत्व चंद मिनटों में ही अपराध को अंजाम दे रहे हैं। लाखों की लागत से बना चौकी का भवन भी खंडहर होने की कगार पर है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है।

बीकानेर का विकास तभी होगा जब किसान उच्च तकनीक से खेती करेंगे : व्यास

बीकानेर । स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को ''सुनियोजित कृषि तकनीकें'' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की। विदित है कि कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के सुनियोजित खेती विकास केंद्र द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय सुनियोजित कृषि और बागवानी समिति द्वारा प्रायोजित यह प्रशिक्षण 21 से 27 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसान हिस्सा ले रहे हैं।

मानव संसाधन निदेशालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि बीकानेर का विकास तभी होगा जब किसान उच्च तकनीक से खेती करेंगे। कृषि के साथ साथ उद्योग और व्यापार का विकास होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी अब पढ़ लिख गई तो खेती का काम उन्हें अच्छा नहीं लगता। लेकिन पढ़ी लिखी युवा पीढ़ी को उच्च तकनीक खेती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीकानेर में कृषि

बीकानेर में सुनियोजित कृषि तकनीके विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने सम्बोधित किया।

अभियांत्रिकी कॉलेज खोलने की मांग इस बार कृषि बजट में ही पूरी करवाने की पूरी कोशिश की जाएगी। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि किसान यहां से जो भी तकनीक सीख कर जाएं,उसे खेत में अपनाएं। ताकि अन्य किसान भी उसे देखकर उन्नत किसान बन सके। किसान अगर खेती में उच्च तकनीक का इस्तेमाल करेंगे तो बेहतरीन खेती कर सकेंगे। किसान खुशहाल होगा तो देश की तरक्की में भागीदार बनेगा। वित्त नियंत्रक पवन कस्वां ने कहा कि जनसंख्या बढ़ने के साथ कृषि जोत कम होती जा रही है। लिहाजा उच्च तकनीक खेती से ही किसान तरक्की कर सकेगा। आगामी कृषि बजट में बीकानेर में कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज खोलने की मांग उन्होंने विधायक के सामने रखी।

अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश ने कहा कि आज किसानों को डेटा आधारित हाई-फाई खेती करने की आवश्यकता है। अंधाधुंध यूरिया, डीएपी और पेस्टीसाइड के इस्तेमाल के बजाय कंप्यूटर आधारित ऑटोराइजेशन अपनाना बहुत जरूरी है। नई दिल्ली से वीसी से जुड़े कृष्ण कौशल ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार की कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के साथ साथ खेती की उच्च तकनीक की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी जाएगी। इससे पूर्व कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ

■ **प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसान हिस्सा ले रहे हैं।**

पी.के.यादव ने कार्यक्रम के शुरुआत में बताया कि लो टनल खेती, पॉली हाउस, एग्रो नेट हाउस इत्यादि के जरिए किसान विभिन्न सब्जियों की अगेती खेती कर दुगुने, तिगुने भाव में सब्जियां बेच सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियर जे.के गौड़ ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित पीएफडीसी सेंटर की स्थापना 1998 में की गई थी। ये राजस्थान का एकमात्र सेंटर है। उन्होने कहा कि किसानों को प्रशिक्षण में हरित गृह, बूंद-बूंद सिंचाई, ड्रोन, लो टनल समेत कृषि की विभिन्न उच्च तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

कार्यक्रम के आखिर में कृषि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ एच.एल.देशवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। खाजूवाला से आए किसान नरेश प्रजापत व झझू से आए किसान सरवर अली ने कहा कि किसान 25 बीघा जमीन में होने वाली इनकम उच्च तकनीक खेती के जरिए मात्र एक बीघा से ले सकता है।

सार-समाचार

16 दिव्यांग छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में डाला

बीकानेर । विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित पाबूपाठशाला को आर्य समाज स्कूल में मर्ज करने के फैसले ने 61 दिव्यांग छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। इस फैसले से चिंतित अभिभावक अपने बच्चों को लेकर प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय पहुंचे, जहां उन्होंने स्कूल को यथावत रखने की मांग की। लेकिन अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के कारण वे निराश लौटने को मजबूर हो गए।अभिभावकों का कहना है कि दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सुविधाओं और अनुकूल वातावरण से युक्त इस स्कूल का विलय उनके बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। इनमें से कई बच्चे ऐसी विशेष आवश्यकताओं वाले हैं, जिन्हें सामान्य स्कूलों में पढ़ाई करने में कठिनाई होगी।अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस फैसले को वापस लिया जाए और पाबूपाठशाला को उसकी वर्तमान स्थिति में बनाए रखा जाए। उनका कहना है कि यदि यह फैसला जल्द नहीं बदला गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शिक्षा विभाग ने आदेश से पहले स्कूल की जमीनी हकीकत भी नहीं देखी जिस जगह स्कूल का एकीकरण किया है वहां रेंप भी नहीं है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस गंभीर मुद्दे पर क्या निणन्य लेता है और क्या दिव्यांग बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं।

दूध के सैम्पल एकत्रित

हनुमानगढ़। जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने मंगलवार को पल्लू क्षेत्र में दूध विक्रेताओं से दूध के सैम्पल संग्रहित किए। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर से मिले निर्देशों एवं जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत मंगलवार को पल्लू क्षेत्र में दूध विक्रय करने वालों से दूध के सैम्पल एकत्र किए गए। उन्होंने बताया कि एफएसओ मोहम्मद रफीक ने पल्लू में मै. वाणी मिल्क प्रोडूसर से गाय का दूध, दूध व्हीकल पिकअप आरजे-31-9 बी-1826 के चालक नरेन्द्र कुमार से गाय का दूध, दूध व्हीकल पिकअप आरजे-31-जीए-5141 के चालक मनोहरलाल से गाय का दूध, दूध व्हीकल पिकअप नं. आरजे-07-जीएस-1560 के चालक आरिफ खान से गाय का दूध, लोटस डेयरी प्रोडक्ट्स प्रा.लि. से गाय का दूध, दूध व्हीकल पिकअप आरजे-19-जीबी-3316, बेगाराम से गाय का दूध, अमन होटल से दही के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ, गार्ड भंवरसिंह एवं वाहनचालक गुरुसरणसिंह मौजूद रहे। दूध व्यवसाइयों को साफ एवं स्वच्छ बर्तन में दूध एकत्र कर वितरण करने के लिए भी पाबंद किया गया।

9 वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा लापता

हनुमानगढ़, जिले के फेफाना थाना क्षेत्र से एक 14 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। बिना किसी को बताए घर से निकली नाबालिग छात्रा का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। पीडित पिता, जो मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं, ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 9वीं कक्षा की छात्रा है। शाम करीब 5 बजे वह बिना कुछ बताए घर से चली गई। परिवार ने उसकी तलाश के लिए आस-पास के सभी संभावित स्थानों पर पता किया, लेकिन कहीं भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। फेफाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई ओमप्रकाश को सौंपी गई है। पुलिस नाबालिग छात्रा की तलाश में जुटी हुई है और विभिन्न दिशाओं में छानबीन कर रही है।

गोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू की प्रगति की समीक्षा

श्रीगंगानगर। राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अन्तर्गत जिला स्तर व विभाग स्तर पर सम्पादित एमओयू की प्रगति की समीक्षा व निवेशकों को आ रही बाधाओं के समाधान तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित के लिए जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राईजिंग राजस्थान के विजन को साकार करने के लिए निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करें और विकास की प्रक्रिया को तेज करें। जिला कलक्टर ने विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग व्यक्तिगत रूप से निवेशकों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं को समझकर उनका त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण करें तथा प्रोजेक्ट हेतु आवश्यक सरकारी स्वीकृतियों एवं अनुमतियों को प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती रीना, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल, संयुक्त निदेशक मार्केटिंग बोर्ड शिव सिंह भाटी,वी. आई परिहार, अधीक्षण अभियन्ता जो.वि.वि.नि.लि., डॉ. चरणजीत सहायक निदेशक आयुष विभाग, धीरज पंवार खनन अभियन्ता, मुकेश मेहता अतिरिक्त सीएमएचओ, सुरेन्द्र कुमार जिला खेल अधिकारी, सज्जन कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रीको, पवन शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक आदि उपस्थित हुए।

सड़क सुरक्षा विषय पर काव्य गोष्ठी 24 को

बीकानेर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को शाम 5 बजे महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अनिल पंड्या ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर आधारित इस काव्य गोष्ठी में आमजन को यातायात नियमों के प्रति सजग रहने, हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, ओवर स्पीडिंग न करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन, मादक पदार्थों का उपयोग न करने आदि विषयों पर स्वरचित कविताओं, मुक्तक, गीत, संगीत का पाठ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि काव्य गोष्ठी में प्रस्तुत श्रेष्ठ रचनाओं को पुस्तक का रूप देकर लोकार्पण भी करवाया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में रचना प्रस्तुति हेतु 3 मिनट का समय दिया जाएगा।

भटिंडा से सूरतगढ़ चलने वाली ट्रेन के समय में बदलाव

अनूपगढ। भटिंडा से सूरतगढ़ रूट पर चलने वाली ट्रेन के समय में किए गए बदलाव ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गाड़ी संख्या 59720 पहले भटिंडा से दोपहर 2:20 बजे रवाना होकर शाम 5:50 बजे सूरतगढ़ पहुंचती थी, लेकिन अब इसका समय बदलकर दोपहर 1 बजे कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण ट्रेन सूरतगढ़ में 4:50 बजे पहुंचकर सवा घंटे तक वहीं खड़ी रहती है, जिससे यात्रियों को अनावश्यक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

समय परिवर्तन का सबसे बड़ा नुकसान हनुमानगढ़ में होने वाले दो ट्रेनों के क्रॉसिंग की सुविधा खत्म होना है। इससे सादुलपुर, नोहर और भादरा से आने वाले यात्री प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अब मजबूरन बसों का सहारा

■ **यात्रियों को करना पड़ रहा डेढ़ घंटे का इंतजार, दो ट्रेनों के क्रॉसिंग की सुविधा भी खत्म**

लेना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर अनूपगढ़ रेल विकास समिति ने उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल, बीकानेर के मंडल प्रबंधक से हस्तक्षेप की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों गंगाबिशन सेतिया, जालंधर सिंह तूर, अवतार सिंह, सरबजीत सिंह, ओम चुघ और सुखविंदर सिंह मक्कड़ ने बताया कि पहले की व्यवस्था में ट्रेन सूरतगढ़ से शाम 6:10 बजे अनूपगढ़ के लिए रवाना होती थी, जो यात्रियों के लिए सुविधाजनक था। समिति ने ट्रेन का समय पुरानी व्यवस्था के अनुसार दोपहर 2:20 बजे करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके और रेल सेवा का बेहतर उपयोग हो सके।

सादुलपुर-हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर अब 4:15 बजे हनुमानगढ़ पहुंचती है, जबकि गाड़ी संख्या 59720 इससे पहले ही रवाना हो जाती है। इससे सादुलपुर, नोहर और भादरा से आने वाले यात्री अब बसों पर निर्भर हो गए हैं। समिति ने यात्रियों की सुविधा के लिए पुराना समय बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि यह परिवर्तन उनके यात्रा अनुभव को कठिन बना रहा है।

परिलाभों के भुगतान के लिए रोडवेज कर्मी करेंगे आंदोलन

बीकानेर । रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बकाया रिटायरमेंट पर मिलने वाले परिलाभों, समय पर पेंशन और अन्य सुविधाओं के भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है।

केंद्रीय बस स्टैंड पर आयोजित मासिक बैठक में कर्मचारियों ने सरकार और रोडवेज प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की। बैठक की अध्यक्षता हनुमंत मेहरा, लीला कृष्ण और बालकृष्ण अग्रवाल ने की, जबकि संचालन शाखा सचिव गिरधारीलाल ने किया। गिरधारीलाल ने बताया कि रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन निर्धारित समय पर नहीं मिलती है।

वर्तमान में दिसंबर 2024 की पेंशन भी लंबित है। इसके अलावा, वर्ष 2023 और 2024 के विभिन्न रिटायरल परिलाभ जैसे ओवरटाइम, नाइट ड्यूटी, सवैतनिक अवकाश, उपार्जित अवकाश और ग्रेच्युटी का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। लगभग 7,000 कर्मचारियों का करोड़ों रुपया बकाया है। कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं में बैठक में बताया गया कि रोडवेज विभाग घाटे में चल रहा है। विभाग को सरकार से मिलने वाला अनुदान भी समय पर नहीं आता,जिससे वेतन और पेंशन में देरी होती है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार रोडवेज को नई बसें देने और भुगतान करने के दावों के माध्यम से भ्रमित प्रचार कर रही है।

शहर के पांच मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर लगाई रोक

बीकानेर । शहर के 9 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति मामले में बड़ा मोड़ आ गया। प्रदेश अपील समिति ने प्रदेश के 14 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है जिसमें शहर भाजपा के 5 मंडल अध्यक्ष शामिल हैं। प्रदेश अपील समिति ने बीकानेर शहर के रानीबाजार, जूनागढ़, पुराना शहर, जस्सूसर और नयाशहर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर रोक लगाई है। इसके अलावा जयपुर के जलमहल, पौंड्रिक, चौमूं नगर, सेवर, रूदावल, डूंगरखेड़ा,मालाखेड़ा, रतनगढ़ और खोह मंडल अध्यक्षों की नियुक्त पर भी रोक लगाई है। साथ ही 5 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति निरस्त भी कर दी है। जिन मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति खारिज की है उसमें अलवर के थानागाजी, भरतपुर के उच्चैन, जालौर के भीनमाल नगर, उदयपुर के डबोक और सिरोही जिले के पोसलिया मंडल अध्यक्ष शामिल हैं।

प्रदेश अपील समिति के प्रदेश संयोजक राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, सह संयोजक अजयपाल सिंह और सह संयोजक योगेन्द्र सिंह तंवर हैं। इन तीनों को प्रदेश भर से मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर शिकायतें सुनने के बाद निणन्य करने का अधिकार दिया गया था। कमेटी ने प्रदेश भर से आई शिकायतों पर मीटिंग तथ्यात्मक निणन्य लिया और ये निणन्य लिया। प्रदेशभर में बीकानेर एक मात्र ऐसा जिला निकला जहां के एक साथ 5 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर रोक लग गई। उल्लेखनीय है कि मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के वक्त से ही आक्रोश बढ़ रहा था। तमाम लोगों ने अलग-अलग कमेटी के समक्ष शिकायतें की थी।

इनका कहना है 'शिकायतों के तथ्य चेक किए गए। जहां बिलकुल ही गलत निणन्य हुआ उन पांच मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति निरस्त कर दी गई। जहां कुछ शक पाया गया वहां रोक लगाई गई है। बीकानेर के पांच मंडल अध्यक्षों की अब गहनता से जांच के बाद ही वापस निणन्य होगा। तब तक के लिए ये पांच मंडल अध्यक्ष नियुक्त पर रोक है।'

साइबर सुरक्षा पर स्कूली बच्चों को किया जागरुक

अनूपगढ़ । ब्लॉक स्थित रामसिंहपुर मंडी के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामसिंहपुर के एसएचओ सुभाष बरौला ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरुक किया।

एसएचओ सुभाष बरौला ने विद्यार्थियों को अनजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गए लिंक से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति को बैंक विवरण या आधार कार्ड की जानकारी नहीं देनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभावों से बचने की सलाह देते हुए छात्रों को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

25 हजार नहीं देने पर बोलेरो में लगाई आग

हनुमानगढ़, जिले के भादरा थाना क्षेत्र में शराब ठेके पर मासिक वसूली को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। शराब ठेके के हैल्पर अमित ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि कुलदीप गोस्वामी और फौजी नाम के व्यक्ति पिछले कुछ समय से 25 हजार रुपए मासिक वसूली की मांग कर रहे थे। पीडित अमित ने बताया कि वह अनूपशहर में शराब ठेके पर हैल्पर का काम करता है। आरोपियों ने धमकी दी थी कि अगर पैसे नहीं दिए तो शराब ठेका नहीं चलने देंगे और बड़ा नुकसान पहुंचाएंगे। जब इस बारे में ठेकेदार सुभाष को बताया गया, तो उन्होंने मामले को सुलझाने का आश्वासन दिया इस बीच कुलदीप गोस्वामी को आबकारी विभाग ने अवैध शराब बेचने के मामले में गिरफ्तार किया और भादरा थाने में अवैध पिस्तौल का मुकदमा भी दर्ज हुआ। इसके बाद आरोपियों ने अमित को फिर से धमकी दी कि ये मुकदमे उसकी शिकायत पर दर्ज हुए हैं। देर रात करीब 2 बजे जब अमित ठेके के कार्यालय में सो रहा था, तब शीशे टूटने की आवाज सुनकर वह जागा। देखा कि कुलदीप गोस्वामी वहां खड़ा था और बोलेरो में आग लगी हुई थी। गाड़ी में रखे अमित के आधार कार्ड और 5 हजार रुपए भी चोरी कर लिए गए। भागते समय आरोपी ने फिर से धमकी दी कि या तो मासिक वसूली दो, या और बड़े नुकसान के लिए तैयार रहो। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कॉन्स्टेबल राजेन्द्र सिंह के सुपुर्द किया है।

पुलिस वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर नोखा विधायक

■ **जिलाप्रमुख मिले पुलिस अधीक्षक से**

बीकानेर । 21 जनवरी एसआई सुरेश कुमार व साथी पुलिस वालों के खिलाफ देशनोक पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर पर कार्यवाही करने के लिए नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल और देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला। दर्ज एफआईआर पर शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की।

पीड़ित सहीराम पुत्र मोहनलाल निवासी बासी ने बताया कि वह तथा चालक चरनजीत सिंह ट्रेलर नम्बर आरजे 07 जीडी 1581 में गुजरात से कोयला भरकर पंजाब भारतमाला रोड से लेजा रहे थे। 19 जनवरी को सुबह 11:00 बजे लगभग देसलसर फांटा के पास आरटीओ की गाड़ी में सवार एसआई सुरेश कुमार व 04 अन्य सिपाहियों ने मेरी गाड़ी को रुकवाया, कागजात मांगे।हमने बिल्टी व अन्य सभी कागज दिखा दिये,तब उन्होंने ओवरलोड होने की बात कही।हमने कहा अंडरलोड है तथा प्रमाण भी दिया।तब सुरेशकुमार ने दो हजार रुपये मांगे, हमने देने इनकार कर दिया।तब एसआई और अन्य सिपाहियों ने हमें धक्का देकर गाड़ी के नीचे पटककर गाड़ी की चाबी, जेब से तीस हजार रुपये व गाड़ी के कागजात छीनकर ले गए।जाते हुए एसआई सुरेश ने धमकी दी कि मैं रासीसर का लोकल हूँ, भारतमाला पर चलना है तो मुझे पैसे देने होंगे।अगर शिकायत की तो झूठे मुकदमे में फंसा दूंगा। इसी आशय की एक एफआईआर हमने देशनोक पुलिस थाना में 20 जनवरी को दर्ज करवाई है। नोखा विधायक डूडी ने कहा कि यह सरासर अन्याय है दोषी सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिये ।जिलाप्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि वर्दी और पद के दुरुपयोग करने के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा भारतमाला पर हो रही अवैध वसूली के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में जिपस जितेन्द्र कस्वां, राजपाल कुलहरि, श्रवण जाखड़, जेठाराम, दानाराम,गिरधारी कूकना, पप्पू गोदारा, बुधराम सियाग, महावीर, बजरंग, रमेश पूनियां आदि साथ थे।

कृषि विभागीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

बीकानेर। कृषि विभागीय अधिकारियों की दक्षता वृद्धि एवं कृषि-उद्यानिकी उन्नत नवाचारी तकनीकी से रूबरू कराने के क्रम में राष्ट्रीय मिशन एडिबल ऑयल (तिलहन) योजना के तहत कृषि विभागीय अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को कृषि अनुसंधान संस्थान, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक (कृषि) मदन लाल ने इस प्रकार के प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभागीय अधिकारी इस प्रकार के प्रशिक्षण से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करेंगे, जो उनके साथ साथ किसान हित में भी रहेगा। दक्षता वृद्धन के साथ अधिकारी किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ ओर सुचारू रूप से दे सकेंगे।

कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने बताया कि कृषि आयुक्तालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मिशन एडिबल ऑयल (तिलहन) योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के कृषि विभागीय अधिकारियों को नवाचारी उन्नत कृषि तकनीकी से परिचित करवाया जाना

बीकानेर में कृषि विभागीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

है। प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि विस्तार के ऑफिसर्स को फसल उत्पादन संबधित तकनीकी जानकारी देना है ताकि उक्त प्रभावी उन्नत तकनीकी जानकारी को जिलें के कृषकों को दी जा सकें। इस क्रम में सहायक निदेशक कृषि बीकानेर के अधिकारीयों का प्रशिक्षण 21 व 22 जनवरी को, सहायक निदेशक कृषि छत्तरगढ़ के अधिकारीयों का प्रशिक्षण 30 व 31 जनवरी को, सहायक निदेशक कृषि श्रीडूंगरगढ़ व नोखा के अधिकारीयों का प्रशिक्षण 6 व 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रो. एच एल देशवाल निदेशक, कृषि अनुसंधान संस्थान ने प्रतिभागी अधिकारियों से अपने अनुभव साझा किए एवं समन्वित कीट प्रबंधन पर विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में डॉ अमर सिंह गोदारा ने कृषि फसलों में उन्नत तकनीकी व फसल प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। डॉ एस पी सिंह ने रबी फसल उत्पादन व फसलोत्तर प्रबंधन तकनीकी से प्रतिभागी अधिकारियों को अवगत करवाया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में योजना प्रभारी गिरीराज सिढा०यच, कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) बीकानेर के कृषि विभाग अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या :** एस.एण्ड.टी.-बी.के.एन. ईटी-312 **कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर मंडल पर SSE/Sig/HMH (हनुमानगढ़) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभिन्न समपार फाटकों पर ROB/RUB के प्रावधान के लिए S&T विभाग के संबंधित कार्यों का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्य :** रू. 8277899.93 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.में) :**165600.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 12.02.25** को **15.00** बजे तक **वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है : www.ireps.gov.in**

82-DR/25

हमें f X ▶ /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 12.02.2025 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :-**क्रमांक : 1 निविदा संख्या :** SnT-GS-BKN-2024-25-01 **कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर मंडल में सूरतगढ़ (एसओजी),हनुमानगढ़ (एचएमएच), सातरोड (एसटीडी), रमन(आरएमएन), सिरसा (एसएसए) और लालगढ़ (एलजीएच) स्टेशनों पर सीसीटीवी के प्रावधान के साथ-साथ गुड्स शेड विकास कार्य । **अनुमानित लागत :** रू. 2,46,52,640.16 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये) :**रू.273300.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** बोली शुरू होने की तारीख 29.01.2025 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 12.02.2025 को 15.00 बजे तक। **नोट :** -अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है ।

87-DR/25

हमें f X ▶ /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 1331 दिनांक 17.01.2025

ई- निविदा-सूचना सं0 92/2024-25

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 27.95 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB15299

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद / सी / 24 / 10609

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/3334 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री किशन गोपाल शर्मा निवासी वार्ड नं. 16, मिनी मायापुरी, नजदीक आदर्श सिनेमा, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 39/41 किला नं. 4 में माप 15 इंटू 50 फीट भू.सं. ए-40 पार्ट बी, लक्ष्मीनगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 724 दिनांक 3.1.2001 को श्री रामप्रताप पुत्र श्री महीराम के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री संदीप शर्मा द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.10.2010 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री किशन गोपाल शर्मा निवासी वार्ड नं. 16, मिनी मायापुरी, नजदीक आदर्श सिनेमा, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1225

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर